## महत्वपूर्ण एवं खास

### बरोद एवं दुर्गापुर फीडर रेल लाइन निर्माण के लिए

» निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रेल परियोजना बरोद फीडर रेल लाइन-01 ग्राम-फुगुरम, तहसील-घरघोड़ा एवं दुर्गापुर फीडर रेल लाईन 02 ग्राम-बायसी एवं बायसी कालोनी-तहसील धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम के अनुसार की जा रही है। इस संबंध में ऐसे कृषक जो आपत्ति प्रस्तुत कर चुके है अथवा प्रस्तुत करना चाहते हैं या किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं वे 20 फरवरी 2020 को पूर्वान्ह 11 बजे न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 16 में सुनवाई में उपस्थित हो सकते है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 29 मार्च को

» आवेदक 4 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन जमा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विकासखण्ड धरमजयगढ़ में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 29 मार्च 2020 दिन रविवार को प्रातः10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 5 वीं में उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय रायगढ़, आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विकासखण्ड धरमजयगढ़ से निःशुल्क अथवा वेबसाईट से प्राप्त कर दिनांक 4 मार्च 2020 तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विकासखण्ड धरमजयगढ़ में जमा कर सकते है। आवेदन के साथ 5 वीं में 50 प्रतिशत या अधिक से उत्तीर्ण की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र व निवास प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति भी देनी होगी। शाला प्रमुख द्वारा 4 मार्च 2020 को विद्यार्थी के आवेदन पत्र का परीक्षण कर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार, अबुझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा, पण्डो तथा भुंजिया)के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थियों के चयन में 5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के दिव्यांग विद्यार्थियों का सीट आरक्षित रहेगा, इसके लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो और भारतीय वन सेवा के एक अधिकारी के प्रभार में फेरबदल किया है। मंत्रालय महानदी भवन सामान्य प्रशासन विभाग से आज जारी आदेशानुसार श्री हिमशिखर गुप्ता को पंजीयक सहकारी संस्थाये पदस्थ किया गया है तथा उन्हें संचालक प्रशासन अकादमी के अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा को उनके वर्तमान प्रभार संचालक तकनीकी शिक्षा तथा अतिरिक्त प्रभार कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ कौशल विकास अभिकरण के साथ संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्य शासन द्वारा श्री विवेक आचार्य (भारतीय वन सेवा) संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण की सेवाये तत्काल प्रभाव से वन विभाग को लौटाई गई है।

### दस दिवसीय शिल्प बाजार मेला आज से : मंत्री गुरु रूद्रकुमार करेंगे शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार 12 फरवरी को भिलाई में आयोजित होने वाले दस दिवसीय शिल्प बाजार मेले का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर के विधायक श्री अरुण वोरा करेंगे। मेले का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। मेला 21 फरवरी तक प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

# कॉलेज का समय कैरियर को दिशा देने वाला होता है पुलिस अधीक्षक

» एम.जी. कॉलेज खरसिया में पुलिस महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यक्रम » सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुड टच बैड टच की क्लास

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा खरसिया थाना दिनांक 11.02.2020 को क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने स्वयं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह पहुंचे थे।







पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं से बोले कि कॉलेज के समय से ही आपके करियर को दिशा मिलती है इसलिए अपने करियर पर फोकस करें, मनोबल को कम ना होने दें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होनें कहा कि युवा वर्ग कॉलेज बाईक, स्कुटी से कॉलेज आना जाना करते हैं ओव्हर स्पीड वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर ट्रैफिक रूल का पालन स्वयं करें तथा अपने फैमिली मेंबर्स को भी ट्रैफिक रूल का पालन करावें। साइबर क्राइम के संबंध में बताते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सोशल साईड पर बरती जाने वाली सावधानियों को बताते हुए अपने पर्सनल डिटेल किसी से शेयर ना करने की सलाह दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कॉलेज में खेल, एन.एस.एस, एनसीसी तथा रंगोली चित्रकला सेव वाटर आदि विविध प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया पितांबर पटेल, ढ्ढष्ट्वड्ड उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा त्रिवेदी, पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

संवेदना कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन खरसिया थाना क्षेत्र के सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया था। महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस अपने स्टाफ के साथ कार्यक्रम के लिये पहुंची थी। स्कूलों में छात्राओं को जागरूक करते हुए टी.आई. ग्रेस और प्रधान आरक्षक मंजु मिश्रा द्वारा बताया गया कि किसी भी कीमत पर अवांछनीय तत्वों की हरकतें बर्दाश्त न करें, विरोध करें और बिना किसी देरी व झिझक के अपने पालकों, शिक्षकों या पुलिस को बतायें।

गलत करने वालों का शुरू में प्रतिकार नहीं करने पर ही उनका मनोबल बढता है। टी.आई. ग्रेस ने छात्राओं को बतायी कि महिलाओं व बच्चों को लेकर जिले की पुलिस काफी संवेदनशील है। कानून में ऐसे अपराधों में अपराधियों को कठोर सजा का प्रावधान है, बेहतर समाज के लिये पुलिस को सहयोग करें। छोटे बच्चों को बताई कि कभी किसी प्रकार के लोभ व लालच में न आएं। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा भीड़-भाड़, बस, ट्रेन में बचाव की जानकारी दिये। छात्राओं को सायबर क्राईम, सेल्फ डिफेंस, बैड टच, गुड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही पुलिस महिला रक्षा टीम के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को डॉयल 112, 100 (पुलिस कंट्रोल रूम) व 1091 (महिला हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) सहित अन्य माध्यमों से जरूर दें। पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा लड़कियों को आत्मरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

## मशरूम उत्पादक महिला कृषक नीरा बनी युवाओं के लिए मिसाल

**रायपुर।** कांकेर जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर घने वनों के बीच स्थित विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम कलंगपुरी पुजारीपारा में निवासरत 23 वर्षीय महिला कृषक नीरा सलाम अपने पिता श्री दयाराम के साथ अपने पैतृक जमीन में खेती करती है। नीरा सलाम केवल 7 एकड़ में ही परम्परागत विधि से धान की एकफसलीय खेती करती थी, जिससे वर्ष में केवल 60-70 हजार रूपये की आमदनी होती थी। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के सम्पर्क में आने के बाद उन्होंने कौशल विकास योजना अंतर्गत मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम की खेती प्रारम्भ की। नीरा प्रारम्भ में एक किलोग्राम प्रतिदिन के हिसाब से मशरूम उत्पादन करने लगी, आस-पास के हाट-बाजार एवं बी.एस.एफ. कैम्प में अच्छी मांग को देखते हुए धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाकर प्रतिदिन 15 से 20 किलोग्राम उत्पादन करने लगी। मशरूम उत्पादन कर वह प्रति माह लगभग 20 हजार रूपये तक की मशरूम बेच रही है।

## खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति की प्राथमिकता श्रेणी में - मनोज कुमार पिंगुवा

**रायपुर।** प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग श्री मनोज कुमार पिंगुवा ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे निवेश की संभावनाओं को उजागर करते हुए राज्य सरकार द्वारा की गई पहल पर प्रकाश डालते हुए औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत प्रदाय लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, औद्योगिक नीति की प्राथमिकता श्रेणी में है। श्री पिंगुवा ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास में योगदान देने के लिए स्थानीय व्यापारियों को आमंत्रित भी किया। प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग आज यहां खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और




छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सहयोग से यूनियन चैम्बर ऑफ कामर्स द्वारा आयोजित खाद्य प्रसंस्करण कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। छत्तीसगढ़ व्यापार समुदाय और फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाईजेशन के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव में राज्य में खाद्य प्रसंस्करण को मजबूत करने के लिए नवीनतम तकनीकों पर प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.एन. पुरूषोत्तम ने कहा कि भारत के ''धान के कटोरे'' के रूप में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ खाद्य प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं हैं।

## सखी सेंटर रायगढ़ की मदद से भटकती वृद्धा मिली अपने परिजनों से

**न्याय साक्षी/रायगढ़। 8 फरवरी को रात्रि 10 बजे 65 वर्षीय वृद्धा श्रीमती बीना तेजवानी जूटमिल क्षेत्र में भटकती अवस्था में मिली। जिसे जूटमिल चौकी के द्वारा सखी वन स्टॉप सेन्टर रायगढ़ लाया गया।**



सखी में तेजवानी को आश्रय में रखते हुए बातचीत कर उनके निवास व संबंधियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने अपना निवास स्थान अटल आवास, मिनोचा कालोनी बिलासपुर छ.ग. बताया। इस सूचना के आधार पर महिला संरक्षण अधिकारी व सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा मिनोचा कालोनी बिलासपुर के क्षेत्र में संपर्क कर पीड़िता के विषय में पतासाजी की गई।

जिसमें परिजनों से संपर्क हुआ तथा उनके द्वारा बताया गया कि महिला का एक बेटा विजय तेजवानी रायगढ़ के बाजीराव पारा विश्वासगढ़ चर्च के समीप रहता है। जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही सखी सेंटर द्वारा पीड़िता के रायगढ़ निवासी बेटे से संपर्क कर जानकारी दी गई एवं उन्हें सखी सेंटर, रायगढ़ बुलाया गया। पीड़िता के बेटे विजय तेजवानी व पति टेकचंद तेजवानी उन्हें लेने सखी सेंटर पहुंचे। उनके द्वारा बताया गया कि पीड़िता की आंखे कमजोर है, जिसकी वजह से वह कभी-कभी रास्ता भटक जाया करती है। पीड़िता ने स्वेच्छा से बेटे व पति के साथ घर जाने की सहमति दी। उनकी आंखो के इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया। परिजनों द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के प्रति आभार प्रकट किया।

## खरसिया में लगाई गई पुलिस की चौपाल

» थाना खरसिया, भूपदेवपुर, छाल क्षेत्र के निगरानी, गुंडा बदमाशों ने लगाई एस.पी. के सामने हाजिरी
» बदमाशों को दी गई हिदायत शिकायत मिलने पर खैर नहीं » 100 पुलिसमित्रों को वितरण किया गया हेल्मेट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले के सभी थाना/चौकी एवं विभिन्न शाखाओं की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक लिया करते हैं।




गत क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुविभाग स्तर पर मीटिंग लेने के निर्देश सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों को दिये थे। निर्देशों के पालन में आज दिनांक 11.02.2020 को खरसिया अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले थानों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के लिए पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा पुलिस चौकी खरसिया पहुंचे। सुबह पुलिस अधीक्षक महोदय को थाना प्रभारी खरसिया द्वारा 1-4 गार्ड के साथ सलामी दी गई पश्चात क्राइम मीटिंग प्रारंभ किया गया। क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना खरसिया, भूपदेवपुर, छाल, चौकी खरसिया, चौकी जोबी के प्रभारियों से माह में कार्यों की प्रगति, शिकायत, अपराध के निकाल की जानकारी लेकर लंबित अपराध एवं शिकायतों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशित किए।

तीनों थाना खरसिया, छाल भूपदेवपुर अंतर्गत निवासरत गुंडा, निगरानी बदमाशों को पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष हाजिर कराया गया। जिनके पूर्व अपराधिक इतिहास की समीक्षा कर एक एक कर सभी को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सख्त हिदायत दी गई है कि शिकायत मिलने पर बख्शे नहीं जाएंगे। बैठक में इन थानों में दर्ज हुये गुम इंसान प्रकरणों के परिजनों को मिलने पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बुलाया गया था जिनसे मुलाकात कर उन्हें गुम बालक बालिकाओं के संबंध में पुलिस के जांच में सहयोग करने के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कहा गया। आज दोपहर पुलिस चौकी खरसिया के पीछे खुले मैदान में पुलिस चौपाल लगाई गई

### मंत्री अमरजीत भगत ने नेकिन बाई नायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने नेकिन बाई नायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। नेकिन बाई छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया की माता थीं। श्रीमती नेकिन बाई नायक का 10 फरवरी 2020 को रात्रि में निधन हो गया था। भगत ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने के लिए शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** स्व.श्रीमती पिंकी साहू पति दानेश्वर साहू आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरकेरा गोबरानवापारा की अज्ञात आरोपी ने गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। गोबरा नवापारा थाना से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जानकारी पीएम रिपोर्ट मिलने पर ज्ञात हुआ कि मृतिका के शरीर में गंभीर हथियार से चोट पहुंचाई गई।

## पीएम किसान लाभार्थियों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए विशेष अभियान आज से शुरू

» आगामी 15 दिनों तक जिले के सभी बैंकों में चलेगा विशेष अभियान

**सभी पात्र किसानों को केसीसी के माध्यम से मिलेगी रियायती संस्थागत ऋण की सुविधा**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रधानमंत्री किसान लाभार्थियों के लिए रियायती संस्थागत ऋण की सुविधा लेने के लिए क्रेडिट कार्ड जारी करने हेतु विशेष अभियान 12 फरवरी से शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा है कि सभी पात्र किसानों को इस अभियान के तहत किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। किसानों से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 14 दिनों के भीतर केसीसी जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमि रिकार्ड की एक प्रति और बोई गई फसलों का विवरण जमा करके केसीसी लाभ प्राप्त किया जा सकता है। एक पेज का फार्म आईबीए द्वारा तैयार किया गया है और सभी सरकारी, वाणिज्यिक बैंकों एवं पीएम किसान पोर्टल वेबसाईट पर अपलोड किया गया है।

पीएम किसान लाभार्थी उस बैंक शाखा में जाकर जहां उनका पीएम किसान खाता है, केसीसी का लाभ प्राप्त कर सकते है। केसीसी रखने वाले पीएम किसान लाभार्थी आवश्यकता होने पर सीमा बढ़ाने के लिए अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर सकते है। निष्क्रिय केसीसी कार्ड वाले लोग केसीसी की सक्रियता और नई सीमा की मंजूरी के लिए बैंक शाखा से संपर्क कर सकते है। जिन किसानों के पास केसीसी नहीं है वे केसीसी के तहत सीमा की मंजूरी के लिए अपने बोये गये फसलों के विवरण एवं भूमि रिकार्ड विवरण के साथ बैंक शाखा से संपर्क कर सकते है। ऐसे किसान जिनके पास केसीसी है, लेकिन पशुधन और मत्स्य पालन के लिए स्वीकार्य सीमा को शामिल करना चाहते है, उन्हें भी अपनी बैंक शाखा से जानकारी लेना चाहिए।

सभी बैंक शाखाओं से पीएम किसान लाभार्थियों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया है और इसे केसीसी लाभार्थियों की सूची के साथ मैप कर उन पीएम किसान लाभार्थियों की सूची तैयार की जाएगी, जिनके पास उस शाखा में केसीसी नहीं है। यह जानकारी ग्राम सरपंच और बैंक सखी के साथ भी साझा की जाएगी। इसके लिए फार्म कॉमन सर्विस सेंटर से भरे जा सकते है। आईबीए द्वारा बैंकों को 3 लाख रुपए तक की राशि के केसीसी ऋणों के लिए सभी बैंक प्रभार जैसे कि प्रसंसस्करण, प्रलेखन, निरीक्षण और लेजर फोलियो शुल्क एवं अन्य सेवा शुल्क में छूट देने के लिए अनुरोध किया गया है।

जिले में कुल 2 लाख 13 हजार 585 किसान है। जुलाई 2019 तक 1 लाख 85 हजार 568 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके है। शेष 28 हजार 17 किसानों को इस अभियान द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जायेंगे।

## संस्कृति संचालनालय में बनेगा फिल्म विकास निगम का सेल

» प्राईमरी स्कूल की पाठ्य पुस्तकों में राज्य गीत लिखने पर विचार

**रायपुर।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने अपने निवास कार्यालय में सोमवार को संस्कृति विभाग के कामकाज की समीक्षा की। भगत ने संस्कृति संचालनालय में फिल्म विकास निगम का सेल गठित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। भगत ने अधिकारियों को कहा कि सेल में प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही आवश्यक कम्प्यूटर आदि उपकरण की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन के समीप लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सीटी का निर्माण किया जाएगा। फिल्म नीति लगभग बन कर तैयार है और उसका परीक्षण किया जा रहा है। भगत ने फिल्म बनाने के लिए अन्य राज्यों से आने वालों को सुविधा देने की भी बात कही है। फिल्म निर्माण के लिए जरूरी गायन, वादन, अभिनय, लाईट, साउण्ड, कैमरा आदि का प्रशिक्षण राज्य के कलाकारों को कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर दिया जा सकता है। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय और रायपुर के कमला देवी संगीत महाविद्यालय से भी सहयोग लिया।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480